अमर उजाला 02-03-2025

# अंबाला के एतिहासिक महत्व पर डाला प्रकाश



अंबाला सिटी। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। इसमें पूर्व सांसद और भारतीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण त्रिलोचन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सत्र की शुरुआत मुख्य अतिथि त्रिलोचन सिंह के सम्मान से हुई। प्राचार्य ने कहा कि त्रिलोचन सिंह का शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान अतुलनीय है। उनका अनुभव और मार्गदर्शन हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहेगा। मुख्यातिथि त्रिलोचन सिंह ने अंबाला के एतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला और शिक्षकों और छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षक ही भविष्य के भारत की नींव रखते हैं। संवाद